| Name of the Company | Date of Incorporation | Corporate Identity No. / Limited Liability Identification No | Address of Registered Office |
|---|---|---|---|
| ITNL IECCL JV | 28/02/2017 | N/A | The IL&FS Financial Centre, Plot C-22, G Block, Bandra Kurla Complex, Mumbai- 400051 |
| Jharkhand Road Projects Implementation Company Limited ("**JRPICL**") | 04/08/2009 | U45200JH2009PLC013693 | 443 A, Road No. 5, Ashok Nagar, Ranchi Jharkhand, 834002 India. |

The financial creditors shall submit their claims with proof by electronic means only. All other creditors may submit their claims with proof by electronic means, in person or by post.

**The terms and conditions governing the claims management process for ITNL IECCL JV, being undertaken as per various consortium and JV Agreements, are detailed in https://www.ilfsindia.com/pdf/Terms-andconditions-governing-the-claims-management-process-for-the-ITNL-IECCL-JV.pdf.**

Details of submitting claims available at: **https://www.ilfsindia.com/claim-management.aspx.**

For any clarifications in relation to claims against ITNL IECCL JV please write to: **ILFS.ClaimsPh5@IN.GT.COM**

For any clarifications in relation to claims against JRPICL please write to: **ILFS.Claims@IN.GT.COM**

**Date and Place: July 3, 2023, Mumbai**

---

## THE GREAT EASTERN SHIPPING CO. LTD.

**CIN:** L35110MH1948PLC006472
**Registered Office:** Ocean House, 134/A, Dr. Annie Besant Road, Worli, Mumbai - 400018.
**Tel No.:** +91 (22) 66613000/24922100; **Fax:** +91 (22) 24925900
**Email:** shares@greatship.com; **Website:** www.greatship.com

### NOTICE

**NOTICE IS HEREBY GIVEN** that the 75th Annual General Meeting of the members of The Great Eastern Shipping Co. Ltd. will be held through Video Conferencing ('VC') / Other Audio Visual Means ('OAVM') on Thursday, August 03, 2023 at 03.00 p.m. (I.S.T.) in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs and the Securities and Exchange Board of India.

The Notice of the AGM and the Annual Report for FY 2022-23 will be sent to the members of the Company whose email addresses are registered with the Company/Depository Participant(s) by way of email. The same will also be available at the Company's website: www.greatship.com and on the websites of BSE Limited: www.bseindia.com and National Stock Exchange of India Limited: www.nseindia.com.

Members will be able to attend the AGM through VC/OAVM at https://emeetings.kfintech.com.

All the business as set out in the Notice of AGM will be transacted through voting by electronic means.

Members who are individuals holding shares in demat mode may cast their votes through remote e- voting through the websites of NSDL/CDSL/Depository Participants.

Other members may cast their votes through remote e-voting at https://evoting.kfintech.com. If the member is already registered with e-voting platform of the Company's Registrar & Share Transfer Agent, KFin Technologies Limited, he/she can use his/her existing User ID and Password for log in.

The facility for e-voting will also made available during the AGM and members attending the AGM who have not cast their vote(s) by remote e-voting will be able to vote at the AGM.

Detailed instructions (including User ID and Password) for attending the AGM and e-voting (including remote e-voting) will be sent to the Members through email.

**Manner of registering/updating e-mail addresses to receive the Notice of the AGM along with the Annual Report:**

The procedure of registering/updating email addresses is as follows:

a) Members holding shares in physical mode are requested to register / update their email addresses by writing a letter to the Company or to the Company's Registrar and Transfer Agent ('RTA') - KFin Technologies Ltd. Scanned copy of the letter along with self-attested copies of PAN Card may be emailed to the Company at shares@greatship.com or to the RTA at einward.ris@kfintech.com
b) Members holding shares in dematerialised mode are requested to register / update their email addresses with the Depository Participant(s) with whom they maintain their demat accounts.

**Manner of registering KYC including bank account details for receiving dividends through Electronic Clearing Service (ECS) or any other means:**

a) For Members holding shares in physical mode, SEBI, vide its Circular dated November 03, 2021 (as amended from time to time), has mandated registration of PAN, KYC details including Bank Account Details and Nomination. Members holding shares in physical form are, therefore, requested to submit their PAN, KYC details including Bank Account Details and Nomination details to the Company or KFin Technologies Limited at its office or at einward.ris@kfintech.com by sending a duly filled Form ISR -1 and other relevant forms (available on the website of the Company at: www.greatship.com).
b) Members holding shares in dematerialised mode are requested to update their bank details with their DPs.

The original documents as aforesaid may be sent in due course to the Company at its registered office or to the RTA at the following address:

KFin Technologies Ltd.
Unit: The Great Eastern Shipping Co. Ltd.
Selenium Tower B, Plot No. 31 & 32, Serilingampally Mandal
Financial District, Nanakramguda, Hyderabad-500032, Telangana.
Toll free number: 1-800-309-4001
Email: einward.ris@kfintech.com

For The Great Eastern Shipping Company Limited

Place : Mumbai
Date : July 1, 2023

Anand Punde
Company Secretary



अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में मौजूद कार्यकर्ता। -नवज्योति

# गहलोत सरकार ने प्रदेश को किया शर्मसार - चौधरी

**उत्तर विधानसभा क्षेत्र का भाजपा संयुक्त मोर्चा सम्मेलन आयोजित**

कासं/अजमेर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सरकार ने प्रदेश को हर मोर्चे पर शर्मसार किया है। महिला अपराध में राज्य देश में नंबर वन है। बेरोजगारी की बढ़ती दर ने प्रदेश के युवाओं में निराशा का भाव पैदा कर दिया है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री सीआर चौधरी ने केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने पर रविवार को आयोजित अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित करते हुए कही।

चौधरी ने कहा कि पिछले 9 सालों के देश की दशा और दिशा में अभूतपूर्व बदलाव आया है। पीएम मोदी की लोकप्रियता उनके नाम और काम से ना सिर्फ देश में बल्कि विदेशों में भी फैली है। पार्टी के सभी मोर्चों को जनता के बीच जाना है और उन्हें केन्द्र सरकार की योजनाओं के फायदे बताने हैं। ताकि वर्ष 2024 में तीसरी बार देश की बागडोर पीएम मोदी के हाथो में हो।



सांसद चौधरी व विधायक देवनानी से चर्चा करते पूर्व मंत्री चौधरी।

सांसद भागीरथ चौधरी ने कहा कि भाजपा विकास में विश्वास करती है और पिछले 9 सालों में केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को केंद्रबिंदु रखते हुए काम किया है।

विधायक वासुदेव देवनानी ने मुख्यमंत्री गहलोत को घोषणाबाज गहलोत बताते हुए कहा कि महंगाई राहत शिविर में जो बड़े बड़े वादे किए जा रहे हैं, जमीनी स्तर पर एक भी पूरा नहीं हो रहा। सौ यूनिट मुफ्त बिजली की घोषणा के बावजूद उपभोक्ताओं के बिल इस बार पहले से ज्यादा आए हैं। देवनानी ने आरपीएससी पेपर लीक और रीट पेपर लीक की घटनाओं के तार गहलोत मंत्रीमंडल और सीएमओ तक होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आने पर मामले की सीबीआई जांच कराई जाएगी और दोषियों को बिलकुल नहीं बक्शा जायेगा। केंद्र की योजनाओं का राज्य सरकार पलीता लगा रही है। जल जीवन मिशन के तहत केंद्र से 30 हजार करोड़ मिलने के बाद भी अभी तक महज 6 हजार करोड़ ही खर्च किए गए हैं। सम्मेलन में ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना, शहर अध्यक्ष रमेश सोनी, महिला मोर्चा अध्यक्ष भारती श्रीवास्तव सहित मोर्चो के अध्यक्ष, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भदेल ने सीसी सड़क निर्माण का किया शिलान्यास

कासं/अजमेर

विधायक अनिता भदेल ने रविवार को 48 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया।

भदेल ने बताया कि वार्ड संख्या 24 में उनके विधायक कोष से 20 लाख रुपए की राशि जारी कर रामगंज स्थित अनूप चाट वाली गली में सीसी सड़क निर्माण कार्य एवं वार्ड नं. 44 में मिसिंग लिंक सड़क योजना के तहत 28 लाख रुपए की राशि से राधिका विला से लादू की दुकान तक सीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता भदेल ने कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा कि महंगाई राहत शिविर सिर्फ कांग्रेस का प्रचार-प्रसार शिविर है। जिसमें सिर्फ मुख्यमंत्री की फोटो लगे लिफाफे बांटे जा रहे हैं। राहत शिविर में 100 यूनिट फ्री करने का डंका पीट रही कांग्रेस सरकार ने जनता के साथ धोखा किया है। प्रदेश की जनता ने शिविरों में लम्बी-लम्बी लाइनों में धूप में खड़े होकर रजिस्ट्रेशन कराया। फिर भी उनका बिजली का बिल दोगुना आया है। कार्यक्रम में आर्य मण्डल अध्यक्ष मोहन लालवानी, भवानी सिंह जैदिया, गोविन्दराज, काजल जेठवानी, पार्षद लोकेश कुमार, हरीश चौहान, शक्ति केन्द्र संयोजक रविकांत, अनुज चौहान, जीवन तेजी, बलराम कृष्ण, हेमन्त सुनारीवाल, संतोष कुमार, राजेश कुमार, मनीष पाठक, आदर्श मण्डल महामंत्री सुरेन्द्र वर्णवाल, हितेश ढाबरिया, शक्ति केन्द्र प्रभारी गोपाल शर्मा, बूथ अध्यक्ष राजेश, मोहित सोकरीवाल, राकेश, हिमांशु शर्मा, श्याम तंवर, लक्ष्मीकांत, नरेश, मुकेश, लोकेश सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



सड़क शिलान्यास कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के साथ मौजूद भदेल।

### शिलान्यास बोर्ड लगाने को लेकर विवाद

वार्ड संख्या 44 में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिलान्यास बोर्ड को लेकर विवाद हुआ। दरअसल, वहां भदेल के नाम का शिलान्यास बोर्ड लगा था। शिलान्यास होने के बाद कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद एवं नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष द्रोपदी कोली भी पहुंच गईं। उन्होंने कहा कि यहां मुख्यमंत्री के नाम का बोर्ड लगेगा। इस सम्बंध में सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से बात कर ली है। इसलिए भदेल के नाम का बोर्ड यहां से हटाया जाए। विधायक भदेल ने कहा कि इस कार्य के लिए उन्होंने अनुशंसा की थी, उनके विधायक कोष से राशि स्वीकृत हुई है। इसलिए उनके नाम का बोर्ड ही लगा रहेगा। यदि मुख्यमंत्री यहां आकर उद्घाटन करते तो उनके नाम का बोर्ड लगाया जाता।

### इससे पहले...

मालूम हो कि कुछ समय पहले अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में भी सड़क के उद्घाटन-शिलान्यास को लेकर विवाद हुआ था। तब तत्कालीन कलक्टर अंशदीप ने विधायक वासुदेव देवनानी के आग्रह पर उन्हें उद्घाटन-शिलान्यास के लिए अधिकृत किया था।

# 250 सड़क सुरक्षा अग्रदूतों ने ली शपथ

**रियायती दर पर दिए हेलमेट**

**अजमेर।** राजस्थान सड़क सुरक्षा सोसायटी एवं जयमल ट्रस्ट, जयमल कोट पुष्कर तथा परमवीर चक्र मेजर शैतान सिंह राजपूत छात्रावास एवं शिक्षण संस्थान अजमेर के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा अग्रदूत प्रशिक्षण एवं हेलमेट वितरण कार्यक्रम हुआ। इसमें 250 चयनित सड़क सुरक्षा अग्रदूतों को प्रशिक्षण के पश्चात यातायात पुलिस प्रभारी ने सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई।



इससे पहले अतिथियों का स्वागत राजपूत छात्रावास एवं शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष सुमेर सिंह शेखावत एवं अन्य पदाधिकारियों ने किया। सोसायटी अध्यक्ष ऋतु चौहान ने आभार व्यक्त किया। उन्होंने अन्य सभी समाज की संस्थाओं से भी अपील की कि इस अभियान से जुड़कर सड़क सुरक्षा अग्रदूत तैयार करें। संस्था की ओर से एक चौथाई कीमत वहन करने पर राजस्थान सड़क सुरक्षा सोसायटी स्टीलबर्ड कम्पनी के एमओयू के तहत ब्रांडेड हेलमेट उपलब्ध करा रही है।

इस मौके पर अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी डॉ.वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने सभी अग्रदूतों को सड़क सुरक्षा चक्र के 9 बिन्दुओं को विस्तार से समझाया। इस मौके पर महेन्द्र सिंह कड़ैल, बहादुर सिंह पीपरोली, करण सिंह खंगारोत, गजेन्द्र सिंह, आशा कंवर, सरिता कंवर सहित समाज के बुद्धिजीवी एवं युवक-युवतियां उपस्थित रहे।

### ...ताकि कोई अपना न बिछुड़े

राजस्थान सड़क सुरक्षा सोसायटी की अध्यक्ष एवं हेलमेट प्रोत्साहन, शिक्षा एवं जागरुकता अभियान की परियोजना प्रमुख ऋतु चौहान अपने भाई अजय सिंह चौहान को वर्ष 2002 में एक सड़क दुर्घटना में खो चुकी हैं। उसने हेलमेट नहीं लगा रखा था। दुर्घटनाकारित करने वाला रोडवेज बस चालक घायल को अस्पताल पहुंचाने की बजाय मौके से भाग निकला। 45 मिनट तक लोग भी पुलिस के झंझट से डरकर उसे अस्पताल नहीं ले जा पाए और जिस जगह दुर्घटना घटित हुई, वहां सड़क इंजीनियरिंग में भी दोष था। इसके बाद से ही ऋतु चौहान अन्य लोगों को जागरूक करने में जुटी हैं।


**वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा**
(राजस्थान सरकार के अधिनियम 1987 (न. 35–1987) द्वारा स्थापित राजस्थान का एक मात्र राजकीय खुला विश्वविद्यालय)

परीक्षा विभाग

क्रमांकः एफ.5/वमखुवि/परीक्षा/2023/1482 दिनांक :– 30.06.2023

**परीक्षा जून 2023 हेतु आवेदन करने की सूचना**

विश्वविद्यालय द्वारा जून 2023 परीक्षा हेतु ऐसे डिफॉल्टर विद्यार्थी जिनकी कार्यक्रम की अधिकतम अवधि शेष है, को डिफाल्टर परीक्षा फार्म भरने का अवसर प्रदान करने हेतु ऑनलाईन पोर्टल प्रारम्भ हो गया है। इच्छुक डिफॉल्टर विद्यार्थी ई–मित्र/नेट बैंकिंग द्वारा शुल्क जमा कर निम्नानुसार परीक्षा फार्म हेतु आवेदन कर सकते हैं :–
विशेष निर्देशः– ऐसे डिफाल्टर विद्यार्थी जिनकी प्रवेशित कार्यक्रम की अधिकतम अवधि शेष है, जो जून 2023 सत्रांत परीक्षा में सैद्धान्तिक/प्रोजेक्ट/लघुशोध परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं, वे सिर्फ एक बार ही ऑनलाईन परीक्षा फार्म दिनांक 10–07–2023 तक आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा शहर में परिवर्तन भी 10–07–2023 तक ऑनलाईन माध्यम से ही किया जा सकेगा।

| क.सं. | विवरण | अन्तिम तिथि |
|---|---|---|
| 01 | **सैद्धान्तिक प्रश्न–पत्र/प्रोजेक्ट/लघुशोध परीक्षा हेतु:–** सैद्धान्तिक प्रश्न–पत्र/प्रोजेक्ट/लघुशोध परीक्षा हेतु परीक्षा आवेदन फार्म ऑन–लाईन ही भरा जायेगा। (किसी भी परिस्थिती में ऑफलाईन आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जाएंगे) | 10–07–2023 |
| 02 | **प्रायोगिक परीक्षा हेतु:–** प्रायोगिक परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिये विद्यार्थियों को आवेदन करने हेतु पृथक से सूचना जारी की जाएगी। | |

नोट– परीक्षा आवेदन, परीक्षा शुल्क एवं अन्य सम्बंधित विस्तृत जानकारी/संशोधित सूचना के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.vmou.ac.in देखें।

राज.संवाद/सी/23/4981 परीक्षा नियंत्रक

DNJ-5302


# यूजर चार्जेज का आदेश रिव्यू होना चाहिए

**व्यापारियों ने उठाई मांग, कचरा संग्रहण शुल्क का विरोध जारी**



कासं/अजमेर

नगर निगम की ओर से व्यापारियों से वसूले जाने वाले कचरा संग्रहण शुल्क का श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ निरन्तर विरोध कर रहा है। इसे लेकर रविवार को महेन्द्र बंसल की अध्यक्षता में विभिन्न बाजारों के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बंसल ने बताया कि यूजर चार्जेज आदेश को रिव्यू कराने के लिए सरकार को भेजा जाना चाहिए। पदाधिकारियों ने बताया कि यूजर चार्जेज को लेकर कई विरोधाभास है।

अंग्रेजी में रेस्टोरेंट का चार्ज 750 रुपए तो हिन्दी में ढाबे का चार्ज 250 दर्शाया गया है। एक सौ विद्यार्थियों की स्कूल से भी एक हजार तो पांच हजार छात्रों के विद्यालय से भी एक हजार चार्ज है।

इसी प्रकार गैराज, ठेले, थड़ी वालों, सड़क पर फास्ड फूड बेचने वालों, पशुपालकों, मांसाहर का व्यापार करने वालों, पशुपालकों, मार्ग पर बैठकर कार्य करने वालों आदि को आदेश में सम्मिलित नहीं किया गया है। महासंघ पदाधिकारियों ने सरकार को प्रस्ताव भेजकर इसे न्यायोचित बनवाने की मांग की है। इस मौके पर संरक्षक ओम प्रकाश टांक, मोइन खान, सलाहकार जोधा टेकचन्दानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह निर्वाण, महासचिव रमेश लालवानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक दुल्हानी, उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार मूरजानी, नीरज नन्दा, सुरेश तम्बोली, किशोर टेकवानी, उमेश गिदवानी आदि मौजूद थे।

# ...ऐसे तो बेरोजगार हो जाएंगे कई पशुपालक

- साधारण सभा में रखने का सुझाव
- पार्षद ने नई उपविधि पर दर्ज कराई आपत्तियां

कासं/अजमेर

नगर निगम की ओर से पशुपालकों के लिए प्रस्तावित उपविधि पर वार्ड संख्या चार से भारतीय जनता पार्टी के पार्षद ज्ञान सारस्वत ने आपत्ति दर्ज कराई है। उनका दावा है कि इसके लागू होने से कई पशुपालक बेरोजगार हो जाएंगे। इसलिए उपविधि को लागू करने से पहले इसे साधारण सभा में रखा जाए। सारस्वत ने उनकी आपत्ति व सुझाव मेयर बृजलता हाड़ा व आयुक्त सुशील कुमार को भेजे हैं। इसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि निगम प्रशासन उक्त उपविधि को लागू करने की तैयारी कर रहा है। जबकि विगत वर्ष फैली लम्पी स्किन डिजीज से पशुपालक उबर नहीं पाये हैं। लाइसेंस शर्त में सौ वर्गगज का स्थान एक पशु और बच्चे के लिए प्रस्तावित है। शहर में सालों से परम्परागत रूप से कई परिवारों के आजीविका का साधन दुग्ध उत्पादन है। यह व्यवसाय ज्यादा लाभप्रद भी नहीं है। इतनी मंहगी जमीन लेना असम्भव है। निगम का



कांजी हाउस और शहर की गौशालाएं भी इस शर्त को पूरा नहीं करती हैं तो फिर आम पशुपालक के लिए बाध्यता क्यों की जा रही है। इसलिए उनका सुझाव है कि शर्त में बदलाव कर दस पशुओं के लिए सौ वर्ग गज स्थान निर्धारित किया जाए।

लाइसेंस की शर्त में पशु को केवल अपने उपयोग के लिए रखना व व्यवसायिक गतिविधि नहीं करना प्रस्तावित है जबकि यह संभव नहीं है। नगर निगम अथवा राज्य सरकार ने यहां गोकुल ग्राम, मिल्कमैन कॉलोनी अथवा पशुपालकों के लिए अलग से व्यवस्था नहीं कर रखी है। ऐसे में पीढ़ियों से दुग्ध उत्पादन कार्य कर रहे हजारों परिवार के बेरोजगार होने की आशंका है। इसलिए उनका सुझाव है कि पशुओं को अपने स्थान से बाहर ना छोड़ने की शर्त पर दुग्ध उत्पादन व विक्रय की अनुमति दी जाए। गोबर आदि के निस्तारण के लिए 10 दिन का समय प्रस्तावित है। पशुपालक के लिए स्थान की कमी के कारण केंचुए की खाद बनाना असंभव है। निस्तारण खेतों व अन्य स्थानों पर होता है, जो हर 10 दिन में संभव नहीं है। इसलिए गोबर आदि के निस्तारण के लिए कम से कम एक माह का समय तय किया जाए।

लाइसेंस शुल्क एक हजार रुपए प्रति पशु व उनके बच्चे के लिए प्रस्तावित है, जो पशुपालक के लिए भुगतान करना संभव नहीं है। इसलिए लाइसेंस शुल्क सौ रुपए प्रति पशु या एक हजार प्रति पशुपालक रखी जाए। पशुओं की श्रेणी में घोड़े, गधे, सूअर आदि भी आते हैं। जिनके लिए कोई प्रावधान नहीं है। केवल दुग्ध उत्पादन वाले पशु गाय, भैंस के लिए लाइसेंस या शास्ति लगाना तर्कसंगत नहीं है।

## ब्राह्मण महासभा की महिला कार्यकारिणी गठित

**अजमेर।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ की नवनिर्वाचित अध्यक्ष मीना शर्मा ने नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें केबिनेट मंत्री-सुलोचना, दमयंती, उषा गौड़, विजयलक्ष्मी पारीक, सुनीता गौड़, आभा भारद्वाज, प्रतिभा पाराशर, उपाध्यक्ष-संगीता शर्मा, विनीता जैमन, ममता औझा, मंजू शर्मा, सचिव-चित्रा शर्मा, अनीता रानी शर्मा, कोषाध्यक्ष-रिया शर्मा, पिया शर्मा, ममता शुक्ला, प्रचार मंत्री-जयश्री, सांस्कृतिक प्रभारी-ज्योति, संगठन मंत्री-महिमा, मीनाक्षी शुक्ला, नीलम शर्मा व पूजा को नियुक्त किया गया हैं।


**Shree Cement**

**श्री सीमेन्ट लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालयः बांगड़ नगर, ब्यावर 305 901 (राज.)
फोनः EPABX +91-1462-228101-6, | फेक्सः +91-1462- 228117/119 | ईमेलः investor@shreecement.com
वेब साईटः www.shreecement.com | CIN: L26943RJ1979PLC001935

**44वीं वार्षिक आमसभा नोटिस तथा रिमोट ई–वोटिंग की जानकारी**

**एतद्द्वारा सूचित** किया जाता है कि कम्पनी के सदस्यों की 44वीं वार्षिक आम बैठक (44वी ए.जी.एम.) नोटिस में दिये गये व्यापार के संबध में कंपनी के सदस्यो के लिऐ कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय बांगड नगर, ब्यावर –305901, राजस्थान में "रंगमंच ओडिटोरियम" मे सुबह 11.00 बजे ("IST") बुधवार, 26 जुलाई, 2023 को आयोजित की जायेगी। 44वीं वार्षिक आम बैठक की सुचनाए वितिय वर्ष 2022–23 की एकीकृत वार्षिक रिर्पोट तथा उपस्थिति पर्ची इलेक्ट्रोनिक माध्यम के जरिये उन सदस्यो को भेज दी गई है जिनके ई–मेल पते कम्पनी के आरटीए/डिपॉजिटरी सहभागियों के पास पंजीकृत है, उन्हे छोड कर जिन्होने अभौतिक प्रति के लिए अनुरोध नही किया है। उन सभी सदस्यो को जिनके ई–मेल पते पंजीकृत नही है, को भौतिक प्रति अनुमोदित माध्यम से उनके द्वारा पंजीकृत पते पर भेज दिया गया है। 44वीं वार्षिक आम बैठक कि सूचना, वित्तिय वर्ष 2022–23 की एकीकृत वार्षिक रिर्पोट तथा उपस्थिति पर्ची कम्पनी की वेबसाईट **https://www.shreecement.com/uploads/investors/Annual_Report_2022_23.pdf** तथा नेशनल सिक्यूरिटीज डिपॉजटरी लिमिटेड ("NSDL") की वेबसाईट https://www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है तथा स्टोक एक्सचेन्ज कि वेबसाईट (बीएसई लिमिटेडः www.bseindia.com तथा नेशनल स्टोक एक्सचेन्ज ओफ इन्डिया लिमिटेडः www.nseindia.com) पर से डाउनलोड की जा सकती है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 सपठित कंपनी (प्रंबधन एवं संचालन) नियम, 2014 तथा सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण की आवश्यकता) विनियम, 2015 के विनियम 44 के अनुसार कंपनी के सदस्यों को 44वीं ए.जी.एम. नोटिस मे प्रदत सभी प्रस्तावों को NSDL के द्वारा प्रदान की गई रिमोट ई–वोटिग सुविधा (ए.जी.एम के स्थान के अलावा अन्य जगह से इलेक्ट्रोनिक वोटिंग सिस्टम) से मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई हैं।

सदस्यो कि वोटिंग पात्रता का निर्धारण (रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से या सभा में मतदान पत्रों के माध्यम से मतदान के लिए) बुधवार, 19 जुलाई, 2023 (कट–ऑफ–डेट) कंपनी की प्रवत इक्विटी शेयर पुंजी के शेयरो के अनुपात के अनुसार किया जायेगा।

रिमोट ई–वोटिंग की अवधि रविवार, 23 जुलाई, 2023 को प्रातः 9 बजे (IST) शुरू होगी और मंगलवार, 25 जुलाई, 2023 को सांय 5.00 बजे (IST) को समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान सदस्य इलेक्ट्रोनिक रूप से अपने वोट डाल सकते है। इस दिनांक तथा समय अवधि के पश्चात NSDL द्वारा ई–वोटिंग की अनुमति नही दी जायेगी।

मतदान पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा 44वीं ए.जी.एम. स्थल पर उपलब्ध कराई जायेगी। ए.जी.एम में भाग लेने वाले सदस्य, जिन्होने रिमोट ई–वोटिग के माध्यम से मताधिकार का प्रयोग नही किया है, वे मतदान पत्र के माध्यम से ए.जी.एम. में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगें। जिन सदस्यों ने ए.जी.एम. से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया है वे 44वीं ए.जी.एम. में शामिल हो सकते है। परन्तु वह फिर से मताधिकार का प्रयोग नही कर सकते या उसे बदल नही सकते।

कोई भी व्यक्ति जो मिटिंग के नोटिस के प्रेषण के पश्चात शेयर का अधिग्रहण करके सदस्य बनता है, तथा कट–ऑफ डेट पर शेयर रखता है वह लॉगिन आई.डी और पासवर्ड evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज कर प्राप्त कर सकते है। यूजर आई.डी व पासवर्ड प्राप्त करने की विस्तृत प्रकिया मिटिंग के नोटिस के साथ उपलब्ध करवाई गई है जो कम्पनी की वेबसाईट एवं NSDL की वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। यदि सदस्य NSDL के साथ पहले से रजिस्टर्ड है तो वह रिमोट ई–वोटिंग पद्वति द्वारा मतदान अपने वर्तमान लॉगिन आई.डी व पासवर्ड से कर सकते हैं।

रिमोट ई–वोटिंग से संबधित विवरण के लिए 44वीं ए.जी.एम. का नोटिस देखें। रिमोट ई–वोटिंग से संबधित प्रश्नो के उतर प्राप्त करने के लिए, कृपया www.evoting.nsdl.com पर डाउनलोड सेक्शन मे उपलब्ध frequently asked questions (FAQs) तथा evoting manual देखे या टोल फ्री नं: 1800–222–990 या evoting@nsdl.co.in पर आग्रह करें। रिमोट ई–वोटिंग से संबधित किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए NSDL पर कृपया श्रीमती पल्लवी म्हात्रे, मैनेजर NSDL, 4वी मंजिल 'ए' विंग, ट्रेड वर्ल्ड, कमला मिल्स कंपाउंड, सेनापति बापत मार्ग, लोअर परल, मुम्बई–400013, ई–मेल pallavid@nsdl.co.in दु. 022–24994545/1800–22–990 पर सम्पर्क करे।

बोर्ड की आज्ञा से
वास्ते **श्री सीमेंट लिमिटेड**
sd/-
**एस.एस. खंडेलवाल**
कंपनी सचिव

स्थानः गुरुग्राम
दिनांकः 02 जुलाई, 2023

DNA 289598


# आत्म कल्याण के लिए होती चातुर्मास की स्थापना

**धूमधाम से मनाया चातुर्मास कलश स्थापना समारोह**

कासं/अजमेर।

आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य मुनि संकल्प सागर महाराज, मुनि सद्भाव सागर महाराज के सानिध्य में रविवार को विद्यासागर तपोवन छतरी योजना में चातुर्मास कलश स्थापना समारोह मनाया गया। इसके साथ ही 149 दिन के चातुर्मास का आगाज हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मंगल घट यात्रा से हुआ। इसके बाद सुनील जैन होकरा परिवार की ओर से ध्वजारोहण किया गया।

इस अवसर पर मुनि संकल्प सागर महाराज ने कहा कि चातुर्मास की स्थापना आत्म कल्याण के लिए होती है और अपनी स्वयं की आत्मा का कल्याण पुरुषार्थ से होता है। हमें चातुर्मास प्राप्त होने की खुशी तो होनी चाहिए लेकिन एक अच्छे पुरुषार्थ के साथ उस चातुर्मास की सुंदरता को बढ़ाना चाहिए। इससे पूर्व आचार्य विशुद्ध सागर महाराज का चित्र अनावरण हुआ। मुनि के पाद प्रक्षालन हुआ और उन्हें शास्त्र भेंट किए गए। चातुर्मास का मुख्य कलश कैलाश चंद निर्मल, प्रियंका अरविंद सेठी परिवार को प्राप्त हुआ। श्री दिगंबर जैन मुनि संघ सेवा जागृति मंच के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में किशनगढ़, ब्यावर, नसीराबाद, केकड़ी सहित अन्य जिलों से आए श्रद्धालुओं ने मुनिश्री को श्रीफल अर्पित किया।



### चातुर्मास में ज्ञान, चरित्र व तप की अभिवृद्धि


**अजमेर।** गुरुदेव प्रियदर्शन मुनि महाराज ने नवकार कॉलोनी स्थित महावीर भवन में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि चातुर्मासी तीन होती है। यह आषाढ़ी, कार्तिकी और फागुनी आषाढ़ी होती है। उन्होंने कहा कि साधु संतों के चातुर्मास करने के कुछ कारण है। उनमें पहला कारण है जीव रक्षा। दूसरा ज्ञान प्राप्ति, तीसरा तप अनुष्ठान, चौथा भगवान के शासन की अभिवृद्धि करना व अंतिम कारण है इससे प्रवचन की प्रभावना भी होती है। मुनिश्री ने कहा कि ज्ञान, दर्शन, चरित्र, तप आदि की अभिवृद्धि के लिए चातुर्मास किया और कराया जाता है। इस मौके पर गुरुदेव सौम्य दर्शन महाराज ने भी उपदेश दिया। संचालन बलवीर पीपाड़ा ने किया।

### गुरु पूजन प्रतियोगिता हुई

इस मौके पर गुरु पूजन प्रतियोगिता हुई। जिसमें पाल बिछला मंडल, पंचशील, आदिनाथ आदर्श मंडल, सोनीनगर मंडल, तपोवन महिला मंडल महासमिति महिला इकाई वैशाली नगर ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सखी ग्रुप व द्वितीय स्थान पंचशील ग्रुप एवं तपोवन महिला मंडल ने प्राप्त किया। तीसरा स्थान सोनी नगर महिला मंडल एवं आदिनाथ आदर्श महिला मंडल ने प्राप्त किया।

# हथकरघा केन्द्र का शिलान्यास आज

**आचार्य विवेक सागर ससंघ का नारेली के लिए आज मंगल विहार**



**अजमेर।** नारेली तीर्थ क्षेत्र के सामने आचार्यश्री विवेक सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में सोमवार को सुबह सवा 9 बजे हथकरघा केंद्र का शिलान्यास कार्यक्रम होगा। पदम चंद सोगानी ने बताया कि इससे पूर्व सुबह साढ़े 6 बजे जिनशासन तीर्थ क्षेत्र नाका मदार से आचार्य विवेक सागर महाराज ससंघ का नारेली के लिए मंगल विहार होगा।



### णमोकार मंत्र का पाठ

इधर शिलान्यास से पूर्व स्वतंत्र जैन चिंतन महिला प्रकोष्ठ की ओर से रविवार को हथकरघा के शिलान्यास कार्यक्रम के स्थान पर भक्ति भाव के बीच णमोकार मंत्र का पाठ किया गया। इसमें जिनशासन पर संचालित आचार्यश्री शांति सागर पाठशाला के बच्चों सहित आदि सृष्टि मंडल की अध्यक्ष और मंत्री का सहयोग रहा। इस मौके पर महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीतमा जैन, मंत्री अल्केश जैन सहित प्रकोष्ठ के सभी सदस्य मौजूद रहे।